



बहुत ढूंढने के बाद मिले हो मेरे बाबा..
अब आप को जो पा लिया है तो हमें
और कुछ भी नहीं चाहिए मीठे बाबा...
जो भी पाना था वो सब कुछ पा लीया है
मेरे प्राण बाबा...

अलिफ को अल्लाह मिला, बे को मिली झूठी बादशाही
आई तार अल्लिफ़ को, हुआ रेल का राही


परवाह थी पार ब्रह्म में रहने वाले परमेश्वर की
जब वह मिल गया तो बाकी क्या चाहिए...
जो भी पाना था वो सब पा लिया..

सन्तुष्टता की शक्ति चेहरे और चलन में धारण कर ब्रह्मा बाप समान बनो,



सदा खुश रहो और खुशी बांटो














Advantages

आज चाहे सम्मुख चाहे दूर के सन्तुष्टमणि बच्चों को देख रहे हैं। हर एक बच्चा अपने सन्तुष्टता की शक्ति से चमकते हुए मुस्कराते मिलन मना रहे हैं। यह सन्तुष्टता की शक्ति सबसे महान है (1) इसलिए इसमें सर्व प्राप्तियां हैं। सन्तुष्टता की शक्ति धारण करने वाली सन्तुष्टमणियां (2) स्वयं को भी प्रिय, बाप को भी प्रिय, परिवार को भी प्रिय हैं क्योकि सन्तुष्टता जहाँ है वहाँ (3) सर्वशक्तियां सन्तुष्टता में समाई हुई हैं। (4) सन्तुष्टता की शक्ति का वायुमण्डल चारों ओर फैलता है। सन्तुष्टमणि वाली आत्मायें (5) कभी भी माया से हार नहीं खा सकती, माया हार खाती है। सन्तुष्टमणि आत्मायें (6) सर्व की दिल को अपना बना सकती हैं।





Points: Golden = ज्ञान, Red = योग, Sky Blue= धारणा, Green = सेवा




पुछो अपने आप से...

सन्तुष्टमणि आत्मा चाहे माया, चाहे प्रकृति के भिन्न-भिन्न हलचल को ऐसे अनुभव करती जैसे एक कार्टून को देख रहे हैं। ऐसे हर एक बच्चा अपने को सन्तुष्टता की शक्ति में सम्पन्न समझते हो? अपने से पूछो कि "मैं सन्तुष्टमणि हूँ?" कई बच्चे कहते हैं कभी-कभी रहते हैं, सदा नहीं लेकिन बापदादा को कभी-कभी शब्द अच्छा नहीं लगता है। बापदादा सदा हर एक बच्चे को यादप्यार देते हैं, खुशी देते हैं। तो



बापदादा को यह कभी कभी शब्द अच्छा नहीं लगता, सदा खुशनुमा। तो बापदादा यही चाहते हैं कि इस कभी-कभी शब्द को क्या परिवर्तन कर सकते हो !

बापदादा हमसे क्या चाहते है?



कभी-कभी शब्द ब्राह्मणों की डिक्शनरी में ही नहीं है, सदा। तो सभी बच्चे जो बाप के प्यारे, माया के प्रभाव से न्यारे बने हैं, क्या वह आज इस कभी कभी शब्द को समाप्त कर सकते हैं? कर सकते हैं? क्योंकि बापदादा बहुत समय से कह रहे हैं कोई भी हलचल अचानक आनी है। उसकी तैयारी के लिए,

Attention Please..!
Don't Take it easy

अगर अभी भी कभी कभी के संस्कार होंगे तो क्या सदाकाल के राज्यभाग्य के अधिकारी बन सकेंगे?

पुछो अपने आप से...



ब्रह्मा बाप से सबका दिल का प्यार है। ब्रह्मा बाबा से वायदा है कि साथ हैं, साथ चलेंगे, साथ राज्य करेंगे। यह वायदा पक्का है ना! कांध हिलाओ। पक्का है? कितना पक्का ! ब्रह्मा बाप ने कभी-कभी शब्द बोला!



जी नहीं मेरे मीठे बाबा..

Points: Golden = ज्ञान, Red = योग, Sky Blue = धारणा, Green = सेवा

आप सबको भी सदा अमृतवेले यादप्यार दिया और सदा बाप के साथ मिलकर ज्ञान की बातें, स्नेह की बातें, उमंग-उल्हास की बातें सुनाई। अगर सभी से हाथ उठवायें कि बापदादा से प्यार है तो सभी दो दो हाथ उठायेंगे। है ना! पक्का ? M.M.M.....imp. जब प्यार है तो प्यार वाले के एक-एक शब्द से भी प्यार होता है। ब्रह्मा बाप ने कभी शिव पिता से यह नहीं कहा कि कभी-कभी होता है। सदा फॉलो फादर किया और साथ में आपको भी कराया क्योंकि ब्रह्मा बाप का बच्चों से जिगरी प्यार है इसीलिए आपका नाम भी क्या है? ब्रह्माकुमारी, शिवकुमारी नाम नहीं है। तो **ब्रह्मा बाप से प्यार अर्थात्** ब्रह्मा बाप का कहना और ब्रह्माकुमार कुमारी का मानना। **प्यार अर्थात् न्योछावर**। तो किस पर न्योछावर होंगे? उनकी आज्ञा पर। जो बोला वह किया क्योंकि ब्रह्मा बाप के साथ शिव बाप है। अकेला नहीं। बापदादा, बापदादा कहते हो ना!

जो तुमको हो पसंद, वही बात करेंगे
तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे
जो तुमको हो पसंद, वही बात करेंगे
www.hindigeetmala.net m.hindigeetmala.net
देते न आप साथ तो मर जाते हम कभी के
देते न आप साथ तो मर जाते हम कभी के
पूरे हुए हैं आप से, अरमान ज़िंदगी के
हम ज़िंदगी को आपकी
हम ज़िंदगी को आपकी
हम ज़िंदगी को आपकी सौगात कहेंगे
तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे
जो तुमको हो पसंद, वही बात करेंगे
www.hindigeetmala.net m.hindigeetmala.net
चाहेंगे, निभाएंगे, सराहेंगे आप ही को
चाहेंगे, निभाएंगे, सराहेंगे आप ही को
आँखों में दम है जब तक, देखेंगे आप ही को
अपनी ज़ुबान से आपके
अपनी ज़ुबान से आपके
अपनी ज़ुबान से आपके जज़्बात कहेंगे
तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे
जो तुमको हो पसंद, वही बात करेंगे
जो तुमको हो पसंद, वही बात करेंगे



बापदादा हमसे क्या चाहते है?

तो आज बापदादा कभी-कभी शब्द को हर बच्चे के मुख से समाप्त करने चाहते हैं। तो आप सभी बच्चे बाप के साथी हो। प्यार है ना! प्यार में तो अपने आपको न्योछावर भी कर देते हैं, यह तो सिर्फ शब्द

को न्योछावर करना है क्योंकि बापदादा हर बच्चे को माला का विजयी रत्न बनाने चाहते हैं। तो अपने को माला का मणका समझते हो? विजयी समझते हो? कई बच्चे कहते हैं ब्राह्मणों की संख्या तो बहुत है और **माला 108 की** है तो 108 ही आयेंगे ना! लेकिन अगर आप सम्पन्न बनें, विजयी बनें तो 108 की माला है यह नहीं सोचो, God's Guarantee **बापदादा बीच में लड़िया भी लगा देगा।** लेकिन आप विजयी बनो। That's All कई बच्चे सोचते हैं पता नहीं, नम्बर मिलेगा या नहीं मिलेगा। आप अगर सम्पन्न बनें तो बाप नम्बर दे ही देगा क्योंकि बाप का हर बच्चे से प्यार है। सुनाया भी था भले कोई **लास्ट बच्चा है, उनसे भी बाप का प्यार है** क्योंकि उस बच्चे ने, चाहे स्वभाव के वश है लेकिन बाप को जानके मेरा बाबा तो कहा। **दुनिया में कितने बड़े-बड़े मर्तबे वाले उन्होंने** ये कोई कम बात है क्या..? **बाप को नहीं पहचाना लेकिन उसने तो पहचाना,** चाहे कोई कमजोरी वश है लेकिन बाप को तो पहचाना। मेरा बाबा तो प्यार से कहते हैं इसलिए बाप ने पहले भी सुनाया था कि लास्ट बच्चे के ऊपर भी बाप का प्यार तो है ही लेकिन उसके ऊपर खास कल्याण की दृष्टि, कल्याण की वृत्ति भी है कि यह बच्चा कुछ न कुछ आगे बढ़ता रहे। तो बापदादा आज स्पष्ट सुना रहे हैं, कि **आप और बातें नहीं सोचो** यह कैसे होगा, यह क्या होगा,

रहमदिल मेरा बाबा

ये पक्का समझ लो..

At least

कभी मन में था ना चीत में था
भगवान हमें मिल जाएंगे
विद्वान बड़े बुद्धिमान बड़े सब
ढूंढते ही रह जाएंगे
हम भोले भाले बच्चों को शिव
भोलानाथ करतार मिला
हमें आपसे बेहद प्यार मिला....

रहमदिल मेरा बाबा

Attention..!

आप अपने को योग्य आत्मा बनाओ। कर्मयोगी आत्मा बनाओ। बाकी बाप हर बच्चे को ऐसा योग्य बच्चा जो बनेगा उसको सर्व प्राप्ति का वरदान भी देके आगे बढ़ायेगा, पीछे नहीं रखेगा।




तो बापदादा आज अमृतवेले चारों तरफ के चाहे देश, चाहे विदेश में चक्र लगाने गये। वैसे तो बापदादा मैजारिटी चक्र लगाते ही हैं लेकिन आज जब चक्र लगाया, सुनाया था कि बापदादा जब चक्र लगाने जाता है तो विशेष आपके पूर्वज दादियां भी साथ में चक्र लगाने चलती हैं। तो चक्र लगाते क्या देखा? जानते तो हो आप भी। अच्छे-अच्छे संकल्प करते हैं, करके ही दिखायेंगे, बनके ही दिखायेंगे, हाथ में हाथ लेके ही चलेंगे। तो हाथ क्या है? शिव बाप को तो फरिश्ता रूप भी नहीं है तो हाथ कौन सा है? श्रीमत हाथ है। फॉरेन में फैशन है हाथ में हाथ देके चलने का। तो यहाँ हाथ है श्रीमत, तो सभी हाथ में में हाथ मिलाके चलने वाले हो ना! है ताकत? हाँ जी मेरे मीठे ते मीठे बाबा... **ब्रह्मा बाप ने देखो कदम-कदम श्रीमत पर चलके आप सभी को करके दिखाया।** क्या करना है, कैसे करना है, एक्जैम्पुल है। साकार में एक्जैम्पुल है। निराकार की











बात तो छोड़ो लेकिन ब्रह्मा बाप साकार में आपके साथी थे। तो जैसे ब्रह्मा बाप श्रीमत का हाथ में हाथ मिलाके फरिश्ता बन गया। ऐसे ही फॉलो फादर है ना! फॉलो फादर याद है ना! तो फॉलो क्या करना है? सारी बातें स्पष्ट करके दिखाई, ब्रह्मा बाप के चेहरे और चलन को सभी जानते हैं ना! अपनी बुद्धि द्वारा तो ब्रह्मा बाप को इमर्ज कर सकते हैं ना! जो दिनचर्या, जैसे दिनचर्या ब्रह्मा बाप ने की, साकार तन में होते, साकार में भी सब अनुभव किया। ब्रह्मा बाप के चरित्र तो सब जानते ही हैं। तो फॉलो फादर। आपको पक्का करने के लिए ब्रह्मा बाप के हर कदम रिवाइज भी किये हैं। **8 कदम पढ़ते हो ना, क्या-क्या किया! बस उसको फॉलो करना है।** फॉलो करना अर्थात् ब्रह्मा बाप समान बनना। तो सोचो बाप से प्यार है, दोनों बाप से प्यार है। प्यार माना पहले भी सुनाया तो प्यार का प्रैक्टिकल रूप है **ब्रह्मा बाप का कहना और बच्चों को बाप समान करना**, यह है **सच्चा दिल का प्यार।** कई बच्चे क्या करते हैं? ब्रह्मा बाप समान करना है, यह सोचते हैं लेकिन पहले करके पीछे सोचते हैं, ब्रह्मा बाप समान तो किया नहीं। लेकिन कर तो लिया। लेकिन **फॉलो करना है तो** पहले सोचो, संकल्प करने के पहले सोचो "क्या यह संकल्प ब्रह्मा बाप का है!" अगर है तो प्रैक्टिकल करो। करके पीछे




अगर आपने ब्रह्मा बाबा को नहीं देखा तो don't worry.. ये दोनों books दो दो parts में हैं। उसको एकाग्रता से पढ़ लीजिए। That's All









Points: Golden = ज्ञान, Red = योग, Sky Blue= धारणा, Green = सेवा

नहीं सोचो। लेकिन पहले सोचके फिर फॉलो करो। ब्रह्मा बाप को फॉलो करना अर्थात् ब्रह्मा बाप समान बनना। हिम्मत है? फॉलो करने की हिम्मत है? जो समझते हैं करना ही है, वह हाथ उठाओ। **पहले सोचना फिर करना। करके नहीं सोचना।**



बापदादा हमसे क्या चाहते है?



तो आज बापदादा विशेष सन्तुष्टता की शक्ति हर एक बच्चे में ब्रह्मा बाप समान देखने चाहते हैं। **इस एक सन्तुष्टता की शक्ति में सब शक्तियां आ जायेंगी।** तो आज बापदादा का विशेष वरदान है सन्तुष्टता के शक्ति भव! *At any cost...* **कुछ भी हो अपनी सन्तुष्टता को कभी नहीं छोड़ना।** कई बच्चे कहते हैं, रूहरिहान करते हैं ना! तो कहते हैं सन्तुष्ट बनना सहज है, लेकिन सन्तुष्ट बनाना बहुत मुश्किल है। कोई कुछ भी करता है और आप समझते हो कि यह ठीक नहीं है फिर भी **दिल में क्यों रखते हो?** यह ऐसा करता, यह ऐसा करता, इसका स्वभाव ऐसा है, इसका ऐसा है...। दिल में नहीं रखो क्योंकि आपने दिल में बाप को बिठाया है। बिठाया है ना? कांध हिलाओ। बिठाया है पक्का ? कि निकालते भी हो बिठाते भी हो? अगर बिठाया है तो **क्या दिल में बाप के साथ बात भी रखेंगे?** तो दिल





चलो

पुछो अपने आप से...



Points: Golden = ज्ञान, Re = धारणा, Green = सेवा

में नहीं रखो।

बापदादा ने पहले भी यह युक्ति सुनाई है कि सदा ऐसी आत्मा के प्रति शुभ भावना, शुभ कामना रखकर अपनी शुभ कामना को कार्य में लगाओ और वैसे भी देखो आप समझते हो यह अच्छा नहीं करती, तो खराब चीज़ है। तो अगर कोई आपको खराब चीज़ देवे तो आप लेंगे? तो जब खराब समझते हो तो बुद्धि में रखना, दिल में रखना तो खराब चीज़ लिया क्यों? ऐसे अपनी दिल में सदा बाप को रखते हुए बाप समान बन जायेंगे। यह तो वायदा है ना, बाप समान बनना है ना! बनना है पक्का? कि पता नहीं बनेंगे या नहीं बनेंगे? यह तो नहीं सोचते? **प्यार माना फॉलो फादर**। तो बापदादा अभी एक-एक बच्चे को शुभ कामना, शुभ भावना सम्पन्न आत्मा देखने चाहते हैं।

Simple Logic

समझा?

बापदादा हमसे क्या चाहते है?




टीचर्स बनेंगी? टीचर्स से बापदादा का विशेष प्यार है। क्यों प्यार है? क्योंकि बाप की गद्दी पर बैठने की

हिम्मत रखी है। तो टीचर्स में हिम्मत है ना! हर एक

बापदादा क्या चाहते है..?

टीचर से बाप यह चाहता है कि हर एक के फीचर से फ्युचर दिखाई दे। निमित्त टीचर्स को बापदादा कह रहे हैं लेकिन आप भी साथी हो ना! बापदादा ने बोर्डिंग में पहले छोटे-छोटे बच्चों को भी यही शिक्षा दी, **खुशनुमा और खुशकिस्मत**, हर एक का चेहरा ऐसे हो। तो अभी भी बापदादा यही चाहता है हर एक





बापदादा हमसे क्या चाहते है?

बच्चा शक्ल से दिखाई दे कि यह खुशनुमा और खुशकिस्मत वाली आत्मा है। वाणी द्वारा सेवा बहुत की और अच्छी की उसका सर्टीफिकेट तो है लेकिन

Call of time/समय की पुकार

अभी अपने चेहरे और चलन से सेवा में आगे बढ़ो। **जैसे** कोई गरीब होता है उसको लाटरी मिल गई तो उसका चेहरा और चलन बोलता है ना! उसका चेहरा देख करके सब अनुभव करते हैं आज इसको कुछ मिला है। **ऐसे ही** आपकी चलन और चेहरे से मान जाएं कि इन्हों को कुछ विशेष प्राप्ति है।





बापदादा हमसे क्या चाहते है?

तो आज बापदादा क्या चाहता है? ब्रह्मा बाप समान बनो। फॉलो फादर क्योंकि समय की हालतें तो हलचल में आ भी रही हैं और आनी भी हैं इसलिए बापदादा हर बच्चे को यही शिक्षा देने चाहते हैं कि





सदा खुश रहो और खुशी बांटो। जितनी खुशी बांटेंगे उतनी खुशी बढ़ेगी। आपको खुशनुमा देख दूसरे भी 5 मिनट के लिए तो खुश होवे। दु:खी आत्मायें अगर आपको देख करके 5 मिनट भी खुश हो जाएं तो उन्हों के लिए तो बहुत दिलपसन्द बात है। तो आज बापदादा हर एक बच्चे को विशेष सन्तुष्टता की शक्ति चलन और चेहरे से धारण कर और अन्य को भी कराने का विशेष ध्यान खिंचवा रहे हैं। अच्छा।

For New commers

आज जो सभी पहली बार आये हैं वह उठो। देखो, आपको दिखाई दे रहा है। आधा क्लास पहले बारी के हैं। हाथ उठाओ। देखो, सभी के हाथ देखो। आपके नये-नये भाई बहिन कितने आपके साथी बने हैं। मुबारक हो, बहुत-बहुत मुबारक हो। अभी जैसे यहाँ तक पहुंचे हो ना! बापदादा से मिलने तक पहुंचे हो, आगे क्या करना है? फॉलो ब्रह्मा बाप। बापदादा को भी आप बच्चों को देख करके खुशी होती "वाह ! बच्चा आ गया!" सारे परिवार को भी खुशी होती है "हमारे भाई बहन आ गये, आ गये, आ गये।" अभी फॉलो ब्रह्मा बाप। कभी भी कुछ भी होवे, कोई क्वेश्चन हो या कोई प्राब्लम हो, प्राब्लम की तो दुनिया

That's All

ही है। तो फौरन अपनी टीचर द्वारा उसका हल करा देना। दो दिन हो गया है, ऐसा है, यह नहीं करना क्योंकि बहुत पीछे आये हो ना और जाना तो आगे चाहते हो ना! पीछे रहना चाहते हो? नहीं। आगे जाने चाहते हो तो आगे जाने की यही एक बात करना, दिल में कोई भी व्यर्थ बात नहीं रखना। इसके लिए अपना अमृतवेले बाप से मिलने के बाद, **एक तो अमृतवेला जरूर करना** और उसके बाद **अपने सारे दिन की दिनचर्या जिसमें मन बिजी रहे**, कोई न कोई ड्रिल, अनेक ड्रिल बापदादा ने सुनाई है, लेकिन **कोई न कोई ड्रिल साथ-साथ करते रहना**। बापदादा सभी के लिए कहते हैं कि बीच-बीच में समय निकाल के चाहे पुराने, चाहे नये **सभी को एकदम अशरीरी बनने की ड्रिल जरूर करना है** क्योंकि **आने वाले समय में सेकण्ड में अशरीरी बनना ही पड़ेगा**। तो यह ड्रिल कोई कहे समय नहीं मिला, कितना भी कोई बिजी हो, पानी की प्यास लगती है तो क्या पानी पीने नहीं उठेंगे! जरूरी समझके उठेंगे ना! तो **यह एक मिनट अशरीरी बनने की ड्रिल यह प्रैक्टिस जरूर करो। उस समय प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे**। कई समझते हैं ना, समय आयेगा कर लेंगे। लेकिन नहीं। यह जन्म-जन्म का बॉडीकान्सेस का अभ्यास उस समय अशरीरी बनने नहीं देगा इसलिए अभी से कोई भी

ये तो पक्का कर लो..





ये तो पक्का समझ लो कि ... माया हमें कभी भी एक्स्ट्रा टाइम निकालने नहीं देगी बाबा की याद या सेवा के लिए - जिसके द्वारा आत्मा शक्तिशाली बने। (माया का सबसे पहला कर्त्तव्य है - आत्मा की ऊर्जा को क्षीण करना और आत्मा को ऊर्जा प्राप्त करने से रोकना।)
वो हमें सदैव उलजाकर रखने का प्रयास करेगी।

अब ये हम पर है कि हमे माया के बंधनों से छूटना है (अपने को याद और सेवा में लगाकर) या फिर दुनिया और माया के बंधनों में और ही उलझाना है।

Choice is All Yours (And accordingly be prepared for its consequences)



Note it down

ये पक्का समझ लो..


May I have your Attention Please..!



आज यही चित्र ब्राह्मणों के परिप्रेक्ष्य में...



Shivbaba Says:



Shiv baba: i can only show you the door..
मैं किसी पर भी ताज नहीं रखता।
अगर तुम मेरी श्रीमत पर चलेंगे तो राजा बनेंगे, नहीं चलेंगे तो प्रजा।
और वो भी कल्प कल्पान्तर...(forever)
अब ये तुम पर निर्भर करता है कि तुम्हें क्या बनना है...?

देखो, यह हमें बाबा रास्ता दिखा रहे हैं..
अब उसको करना या न करना, ये हमारी choice है..
और उसी के अनुरुप जो परिणाम हमे प्राप्त होगा, वो हमारी choice का फल होगा।

15-11-26 प्रात:मुरली ओम् शान्ति "अव्यक्त-बापदादा" रिवाइज: 20-03-12 मधुबन

Homework

समय निकाल सारे दिन में समय प्रति समय जो भी समय निश्चित करो एक सेकण्ड में अशरीरी आत्मा हूँ, आत्मा स्वरूप में स्थित हो जाए। बॉडी कान्सेस अपने तरफ खीचें नहीं। यह अभ्यास सभी को करना है। चाहे पुराने चाहे नये क्योंकि बापदादा ने कुछ समय से यह बात कही है। लेकिन करना जरूरी है।

Attention Please..!

नहीं तो श्रीमत का हाथ में हाथ देकरके नहीं चल सकेंगे। आपका वायदा है साथ चलेंगे, साथ राज्य में आयेंगे। तो यह ड्रिल सभी को करना है। बाकी नये जो भी आये हैं, खुश रहो आबाद रहो, आगे से आगे बढ़ते रहो। अच्छा।

Call of time/समय की पुकार

चारों ओर के दूर बैठे दिल में समाने वाले बच्चों को बापदादा भी देख रहे हैं। सभी के प्यार की खुशबू मधुबन में पहुंच रही है। तो सभी को अभी तीव्रगति से चलना है, तीव्र पुरुषार्थ करना है, तीव्रता दुनिया के लोगों में सुख की लानी है। दु:खी को सुखी करना है। यह सुखी करने का सन्देश दे करके सभी को सुखी बनाना है, इस सेवा में तीव्रता है भी और लानी भी है। अच्छा। सबको दिल का बहुत-बहुत यादप्यार स्वीकार हो।



Points: Golden = ज्ञान, Red = योग, Sky





वरदानः- स्वयं के आराम का भी त्याग कर सेवा करने वाले सदा सन्तुष्ट, सदा हर्षित भव

Example









सेवाधारी स्वयं के रात-दिन के आराम को भी त्यागकर सेवा में ही आराम महसूस करते हैं, उनके सम्पर्क में रहने वाले वा सम्बन्ध में आने वाले समीपता का ऐसे अनुभव करते हैं जैसे शीतलता वा शक्ति, शान्ति के झरने के नीचे बैठे हैं।





श्रेष्ठ चरित्रवान सेवाधारी कामधेनु बन सदाकाल के लिए सर्व की मनोकामनायें पूर्ण कर देते हैं।

ऐसे सेवाधारी को सदा हर्षित और सदा सन्तुष्ट रहने का वरदान स्वतः प्राप्त हो जाता है।

Automatically

Question:



Answer:



अगर


क्या करे...?

स्लोगनः- ज्ञान स्वरूप बनना है तो हर समय स्टडी पर अटेन्शन रखो, बाप और पढ़ाई से समान प्यार हो।



तेरे लिए मैं जहाँ से टकराऊँगा
सब कुछ खोके तुझको ही पाउँगा
दिल बन के मैं दिल धडकाऊँगा
मैं तेरा बन जाऊँगा

सोंह तेरी मैं क़सम यही खाऊँगा
किते वादेया नू उमराँ निभाऊँगा
तुझे हर वारी (हर कल्प में)
अपणा बनाऊँगा
मैं तेरा बन जाऊँगा...



=




Points: Go = योग, Sky E सेवा


ये अव्यक्त इशारे - ब्रह्मा बाप समान सम्पन्न और सम्पूर्ण स्थिति का अनुभव करो








व्यर्थ संकल्प वा विकल्प जो चलते हैं उसका कारण एक ही शब्द बुद्धि में आता है कि यह क्यों हुआ, क्यों से व्यर्थ संकल्पों की क्यू शुरू हो जाती है।


मीठे बापदादा ने क्या देखा...?
08-03-26 प्रात:मुरली ओम् शान्ति "अव्यक्त-बापदादा" रिवाइज: 18-01-09 मधुबन
देखते हैं - मैजारिटी बच्चों में कभी-कभी व्यर्थ संकल्प बहुत चलता है, इसमें अपनी जमा हुई शक्तियां व्यर्थ चली जाती हैं, इसलिए शुभ चिंतन के

इस क्यू के समाप्ति के बाद ही सम्पूर्णता आयेगी फिर वह क्यू लगेगी।

जब क्यों शब्द खत्म होगा तब ड्रामा की भावी पर एकरस स्थेरियम रहेंगे।





विशेष सूचना -

मास के तीसरे रविवार का योग अभ्यास

आज मास का तीसरा रविवार है, सभी भाई बहिनें संगठित रूप में एकत्रित होकर सायं 6.30 से 7.30 बजे तक अपने शक्ति स्वरूप स्थिति में स्थित हो, ज्ञान सूर्य की शक्तिशाली किरणों को स्वयं में धारण कर उन किरणों द्वारा विश्व परिवर्तन की सेवा में सहयोगी बनें।







Points: Golden = ज्ञान, Red , Green = सेवा

If you wish to stay connected, Here is the link







BKdrluhar

Mind Mapping is Available Here

All वरदान slogans Oct 26 → Click

All अव्यक्त इशारे Oct 26 → Click

All वरदान, slogans and अव्यक्त इशारे At Single place → Click

अगर आप को Mind Maps के रिलेटेड कोई Feedback या Suggestion भेजना है तो Click